# फरवरी 2015

## Most IMP Current Affairs

















Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams

Crack GPSC™
www.crackgpsc.com

www.crackgpsc.com

# फरवरी 2015

## We are famous for…

**The Most IMP,**

**Authentic,**

**To the point,**

**Up to date**

**Material**




www.crackgpsc.com

# Most Imp Current Affairs – February 2015

## ➢ 1st week

- सरकार ने महारत्न के दर्ज़े वाले कोल इंडिया लिमिटेड में अपनी 10% हिस्सेदारी बेची सीआईएल में सरकार की हिस्सेदारी घटकर 79.65% हो गई।
- सेर्गियो मैट्टारेला इटली के राष्ट्रपति निर्वाचित हुए। मैट्टारेला सिसली (इटली) के संवैधानिक अदालत के न्यायाधीश थे। मैट्टारेला ने जोर्जियो नेपोलितानो का स्थान लिया, जो अपनी अधिक उम्र के चलते राष्ट्रपति पद से हट गए।



- 7वें जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बालीवुड अभिनेता दिलीप कुमार को 'लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (JIFF) का प्रथम 'इंटरनेशनल लाइफटाइम अचीवमेन्ट अवॉर्ड' ईरान के फिल्मकार माजिद मजिदी को दिया गया।



- वर्ष 2015 का ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न में संपन्न हुआ। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने ब्रिटेन के एंडी मर्रे को हराकर पुरुष एकल का ख़िताब और अमेरिका की सेरेना विलियम्स ने रूस की मारिया शारापोवा को पराजित कर महिला एकल का ख़िताब जीता। अमेरिका की बैथानी माटेक सैंड्स और चेक गणराज्य की लूसी सफारोवा की जोड़ी ने महिला युगल का, इटली के सिमोने बोलेली और फाबियो फोग्निनी की जोड़ी ने पुरुष युगल का खिताब जीता। भारत के लिएंडर पेस और स्विट्जरलैंड की मार्टिना हिंगिस की जोड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस के मिश्रित युगल का खिताब जीता।
- हिन्दी उपन्यासकार मिथिलेश्वर को वर्ष 2014 का 'श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान' दिया गया।
- ऑस्ट्रेलिया ने दक्षिण कोरिया को पराजित कर एशिया फुटबॉल कप का खिताब पहली बार जीता। ऑस्ट्रेलिया एशियाई फुटबॉल परिसंघ (एएफसी) का वर्ष 2006 में सदस्य बना था और यह पहली बार एशियन कप की मेजबानी कर रहा था।
- 29वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय हस्तशिल्प मेला सूरजकुंड, फरीदाबाद (हरियाणा) में शुरू हुआ। इस मेले का सहभागी देश लेबनान और विषय छत्तीसगढ़ राज्य है।

www.crackgpsc.com

- रेल मंत्रालय ने अशोक कुमार अग्रवाल को दक्षिणी रेलवे, चेन्नई का महाप्रबंधक नियुक्त किया।
- भारत एवं चीन ने बीजिंग में संयुक्त रूप से 'विजिट इंडिया ईयर इन चाइना' लांच की। इसकी शुरुआत भारतीय विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के चीन यात्रा के दौरान की गई। 'विजिट इंडिया ईयर इन चाइना' पहल का मुख्य उद्देश्य चीन एवं भारत के बीच पर्यटन को बढ़ावा देना एवं दोनों देशों के जनता के बीच आपसी मेल-मिलाप को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत चीन भारतीय पर्यटन को बढ़ावा देगा।
- नंदिता चटर्जी आवास एवं शहरी गरीबी उपशमन (एचयूपीए) मंत्रालय में सचिव के पद पर नियुक्त की गई।
- पाकिस्तान ने 23 मार्च को अपने राष्ट्रीय दिवस पर वार्षिक सैन्य परेड फिर से आयोजित करने का फैसला किया है। देश में कानून व्यवस्था बिगड़ने के कारण वर्ष 2008 से यह परेड बंद है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के परेड में मुख्य अतिथि के रूप में आने की संभावना है।
- भारतीय मूर्तिकार और कलाकार मृणालिनी मुखर्जी का नई दिल्ली में निधन। उन्होंने मूर्ति कला के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उनके द्वारा जूट के रेशों, सेरेमिक और तांबे से बनाई गईं कलाकृतियां बहुत प्रसिद्ध हैं।
- अमेरिकी शोधकर्ताओं ने मनुष्यों की रीढ़ की हड्डी में एक छोटे मस्तिष्क का पता लगाया है, जो हमें भीड़ के बीच से गुजरते वक्त या सर्दियों में बर्फीली सतह से गुजरते वक्त संतुलन बनाने में मदद करती है और फिसलने या गिरने से बचाती है।
- कर्नाटक की स्कूली छात्रा सलोनी दलाल केरल में चल रहे 35वें राष्ट्रीय खेलों में सबसे कम उम्र की पदक विजेता बन गई। 12 वर्षीय सलोनी ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- 35वें राष्ट्रीय खेलों में गुजरात की कल्याणी सक्सेना ने 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक तैराकी स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- मध्य प्रदेश को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम 2005 (MGNREGA) के तहत किए गए श्रेष्ठ कार्यो के लिए दसवां राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया। मनरेगा कन्वर्जन से स्थायी सम्पत्तियों के निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है। प्रदेश में कुल एक करोड़ दो लाख परिवारों के पास मनरेगा रोजगार कार्ड हैं।
- बिहार राज्य सरकार ने अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और छात्राओं को राज्य में स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर तक नि:शुल्क शिक्षा उपलब्ध कराने का फैसला किया।
- मोबाइल हैंडसेट बनाने वाली घरेलू कंपनी माइक्रोमैक्स कोरिया की प्रमुख इलेक्ट्रानिक्स कंपनी सैमसंग को पछाड़कर भारत की सबसे

www.crackgpsc.com

बड़ी और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी स्मार्टफोन कंपनी बन गई है।

- चीन में ली हेजुन सबसे धनी शख्स बने। उन्हों ने देश के सबसे धनी व्यक्ति के रूप में ई-कामर्स कंपनी अलीबाबा के संस्थापक जैक मा का स्थान ले लिया है। (4)
- विशेषज्ञों का कहना है कि खनन के लिए चंद्रमा एक समृद्ध स्थान है जहां इसके ध्रुवों पर 1.6 टन पानी बर्फ के रूप में मौजूद है और इस उपग्रह की सतह के नीचे 'रेयर अर्थ' तत्व प्रचुर मात्रा में छिपा हुआ है। रेयर अर्थ तत्वों का इस्तेमाल मोबाइल फोन, कंप्यूटर, कार की बैटरी सहित कई सारे इलेक्ट्रानिक उपकरणों में किया जाता है। गौरतलब है कि रेयर अर्थ तत्वों के मामले में चीन बाजार में एकाधिकार रखता है।
- **60वां फिल्मफेयर अवॉर्ड्स:**

  **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** - शाहिद कपूर (हैदर),
  **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री** - कंगना रानौत (क्वीन),
  **सर्वश्रेष्ठ फिल्म** - क्वीन,
  **सर्वश्रेष्ठ डायरेक्टर** - विकास बहल (क्वीन),
  **सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग अभिनेता**- के के मेनन (हैदर),
  **सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग अभिनेत्री**- तब्बू (हैदर)।
- पीपुल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (पेटा) ने कर्नाटक के बेंगलुरू में बन्नेरघट्टा जैविक उद्यान के भीतर भारत का पहला बाड युक्त हाथी अभयारण्य बनाने की घोषणा की। अभयारण्य हाथियों के झुंड को आज़ादी से और बिना मानवीय हस्तक्षेप के घूमने और तालाबों में स्नान करने के लिए अनुमति प्रदान करेगा, साथ ही हाथी जंजीरों के बंधन से मुक्त होकर एक दूसरे से मेलजोल रख सकेंगे।
- भारत की दीपिका पल्लीकल ने विनीपेग विंटर क्लब महिला ओपन (Winnipeg Winter Club Women's Open 2015) प्रतियोगिता का खिताब जीता।
- महाराष्ट्र की नेटबॉल टीम के खिलाड़ी मयूरेश पवार का 35वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान निधन हो गया।
- नासा ने 'स्वायल मॉइस्चर एक्टिव पैसिव' नामक पृथ्वी का पहला उपग्रह लांच किया।
- जापान ने कागोशिमा प्रान्त के तानेगाशिमा अंतरिक्ष केंद्र से एक जासूसी उपग्रह का शुभारंभ किया। जापान के इस उपग्रह को एच-2ए (एच-आईआईए) रॉकेट द्वारा कक्षा में भेजा गया। इस उपग्रह में पेलोड के रूप में एक आधुनिक राडार लगाया गया है जो 300 मील की दूरी पर स्थित कक्षा से सभी मौसम में रात-दिन दुनिया का सर्वेक्षण करता रहेगा। यह उपग्रह जापान का पाँचवा जासूसी उपग्रह है।
- माइक्रोसॉफ्ट ने IOS, एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए आउटलुक एप्प लॉन्च किया।
- गुजरात राज्य हथकरघा और हस्तशिल्प विकास निगम ने ग्लोबल ई-कॉमर्स ईबे (eBay) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

www.crackgpsc.com


- आरबीआई ने ने वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) में 0.50% के कटौती की घोषणा की। जिसके बाद यह 22% से घट कर 21.5% हो गई। वर्तमान दरें : रेपो रेट - 7.75%, रिवर्स रेपो रेट - 6.75%, नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) - 4%, वैधानिक तरलता अनुपात (एसएलआर) - 21.5%, बैंक रेट - 8.75%, एमएसएफ रेट - 8.75%।
- ओडिशा सरकार ने न्यायमूर्ति एमएम दास को राज्य में चिट फंड घोटाले की जांच कर रही एक सदस्यीय जांच आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया।
- नगालैण्ड के मुख्यमंत्री टी आर जेलियांग ने विधानसभा में विश्वास मत हासिल किया।
- जेके समूह के अध्यक्ष गौर हरि सिंघानिया का निधन हो गया। उन्होंने खेल को बढ़ावा देने के लिए सर पदमपत सिंघानिया ब्रिज अकादमी खोली थी। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों के लिए योगदान दिया।
- ब्रिटेन के हाउस ऑफ कॉमन्स में तीन लोगों के डीएनए से बच्चे के जन्म देने के प्रस्ताव को मंजूरी।
- केंद्र सरकार ने कंपनियों द्वारा किए गए कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (निगमित सामाजिक दायित्व, सीएसआर) गतिविधियों के आकलन हेतु एक रूपरेखा का सुझाव देने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत एक उच्चस्तरीय पैनल का गठन किया। इस पैनल के अध्यक्ष भूतपूर्व केंद्रीय गृह सचिव अनिल बैजल होंगे।
- भारतीय मूल के अमेरिकी अजयपाल सिंह बंगा अमेरिका में व्यापार नीति और वार्ता हेतु सलाहकार समिति (एसीटीपीएन) के सदस्य नियुक्त हुए। वर्तमान में बंगा मास्टर कार्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी है।
- एमओ गर्ग वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) के महानिदेशक नियुक्त किए गए। इस से पहले वे भारतीय पेट्रोलियम संस्थान (आईआईपी), देहरादून के निदेशक थे।
- गुजरात के पूर्व पुलिस प्रमुख पी सी पांडे तुलसीराम प्रजापति फर्जी मुठभेड़ मामले में बरी।
- मिस्र की अदालत ने 2011 में राष्ट्रपति होस्नी मुबारक को सत्ता से हटाने के विद्रोह के दौरान सुरक्षाबलों के साथ झड़पों में शामिल 230 लोगों को उम्रकैद की सजा सुनाई।




www.crackgpsc.com

- शारदा घोटाले में गिरफ्तार किए गए पूर्व सांसद मतंग सिंह के मसले में दखलअंदाजी करने के कारण अनिल गोस्वामी को केंद्रीय गृह सचिव पद से हटा दिया गया। श्री एल सी गोयल नये गृह सचिव नियुक्त। एल सी गोयल अभी केंद्रीय ग्रामीण विकास विभाग के सचिव हैं।
- मद्रास हाई कोर्ट ने तमिलनाडु राज्य सरकार को एक परिपत्र जारी कर राज्य के कॉलेजों और अन्य शिक्षण संस्थानों में सौंदर्य प्रतियोगिता कराने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश जारी किया।
- देश में अप्रैल, 2000 से आए कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में महाराष्ट्र व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) का हिस्सा 49% रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 2000 से नवंबर, 2014 के दौरान महाराष्ट्र को 70.41 अरब डॉलर का एफडीआई मिला। यह देश में आए कुल एफडीआई प्रवाह का 30% है। विभिन्न देशों की बात की जाए तो मॉरीशस के रास्ते सबसे अधिक 83.73 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया। गुजरात को 10.18 अरब डॉलर का विदेशी निवेश मिला।
- **68वें ब्रिटिश अकादमी फिल्म्स पुरस्कार (बाफ्टा) घोषित।**

  **सर्वश्रेष्ठ फिल्म**: बॉयहुड,
  **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक** : रिचर्ड लिंकलेटर (बॉयहुड),
  **सर्वश्रेष्ठ ब्रिटिश फिल्म**: द थियोरी ऑफ एवरीथिंग,
  **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री**: जूलियन मूर,
  **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता** : एडी रेड मेन (द थियोरी ऑफ एवरीथिंग),
  **सर्वश्रेष्ठ एनिमेशन फिल्म** : द लेगो मूवी।




- मराठी के प्रसिद्ध साहित्यकार भालचंद्र नेमाडे को 50वां ज्ञानपीठ पुरस्कार दिये जाने की घोषणा की गई। नेमाड़े ज्ञानपीठ पुरस्कार पाने वाले 55वें साहित्यकार हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित होने वाले नेमाड़े मराठी के चौथे साहित्यकार हैं। ज्ञानपीठ पुरस्कार भारत का सर्वोच्च साहित्यिक सम्मान है। प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार वर्ष 1965 में मलयालम लेखक जी शंकर कुरुप को प्रदान किया गया था।
- चीन की ई-कामर्स कंपनी अलीबाबा ने भारतीय मोबाइल-कामर्स क्षेत्र की कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस में हिस्सेदारी करने हेतु एक समझौते पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत अलीबाबा समूह की इकाई एंट फाइनेंशियल सर्विसेज 'वन 97 कम्युनिकेशंस' में 25% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। विदित हो कि अलीबाबा समूह दुनिया की सबसे बडी ई-कामर्स कंपनी है।

www.crackgpsc.com

- बुल्गारिया के निकोलेय म्लादेनोव को मध्य पूर्व शांति प्रक्रिया के लिए संयुक्त राष्ट्र और फिलीस्तीनी मुक्ति संगठन का निजी प्रतिनिधि और फिलीस्तीनी प्राधिकरण के लिए नया विशेष समन्वयक नियुक्त किया गया।
- टाटा कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने 30 देशों में कियोन की 280 साइटों के लिए वैश्विक वाइड एरिया नेटवर्क (वैन) सेवाएं प्रदान करने हेतु जर्मनी स्थित कियोन समूह के साथ 20 मिलियन डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- लोकसभा की अध्यक्ष सुमित्रा महाजन का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल कर लिया गया। उनके नाम पर देश की एकमात्र ऐसी महिला होने का रिकॉर्ड है जिन्होंने एक ही पार्टी की टिकट पर एक ही लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व लगातार आठ बार किया है। बीजेपी की नेता के तौर पर वे मध्य प्रदेश में लोकसभा के इंदौर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।
- उत्तराखंड सरकार ने 'हिमालय दर्शन योजना' की शुरुआत की।
- प्रसिद्ध मराठी रंगमंच कलाकार और फिल्म अभिनेता आत्माराम गोविंद भेंडे का निधन।
- केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के 9 बैंकों को उनकी पूंजी बढ़ाने और वैश्विक जोखिम मानदंड़ों को पूरा करने के लिए उन्हें 6990 करोड़ रूपये देने का फैसला किया।
- 57वें वार्षिक ग्रैमी अवार्ड में ब्रिटिश गायक सैम स्मिथ ने अपने गाने "स्टे विद मी" के लिए "रिकॉर्ड ऑफ द ईयर" और "सॉन्ग ऑफ द ईयर" अवॉर्ड जीता। उन को बेस्ट न्यू आर्टिस्ट का अवॉर्ड भी मिला। बेंगलुरु के म्यूजिक कम्पोजर रिकी केज के एलबम 'विंड ऑफ सम्सारा' को 'बेस्ट न्यू एज एलबम' का अवॉर्ड मिला। हानसेन के मॉर्निंग फेस को बेस्ट अलबम ऑफ़ द यर का अवॉर्ड मिला। लेखक और क्रिएटिव राइटिंग की प्रोफेसर नीला वासवानी की 'आई एम मलाला' को सर्वश्रेष्ठ चिल्ड्रन एलबम श्रेणी में ग्रैमी अवॉर्ड मिला। नीला वासवानी की किताब के ऑडियो अनुवाद को ये अवॉर्ड दिया गया।
- बीटी ग्रुप पीएलसी ने यूके की वायरलेस वाहक ईई लिमिटेट का अधिग्रहण 19 बिलियन अमेरिकी डॉलर में कर लिया। सौदे के बाद लंदन की बीटी का नियंत्रण सबसे बड़े उच्च गति के ब्रॉडबैंड नेटवर्क के साथ साथ यूके सबसे बड़े वायरलेस ऑपरेटर पर होगा। .के. बीटी, ब्रिटेन का सबसे बड़ा फिक्स्ड लाइन दूरसंचार प्रदाता है।
- नासा के हबल स्पेस टेलीस्कोप ने वृहस्पति के तीन सबसे बड़े चांद यूरोपा, कैलिस्टो और लो के गैस के इस विशाल ग्रह की झुके हुए अक्ष पर दौड़ लगाते हुए दुर्लभ घटना की तस्वीरें ली हैं। यह एक दुर्लभ घटना है जो एक दशक में एक या दो बार ही होती है।

करन्ट शतक
Most Imp करन्ट अफेर्स हिन्दी में
वस्तुनिष्ठ प्रश्नों उत्तर के साथ

- वित्त वर्ष 2014-15 के लिए केंद्र सरकार की प्रतिकूल नीतियों के कारण चंबल फर्टीलाइजर एंड केमिकल्स ने राजस्थान के कोटा जिला स्थित अपना एक यूरिया संयंत्र बंद कर दिया।
- दमयंत सिंह जर्मनी के खेल परिधान ब्रांड एडिडास समूह के भारत इकाई के ब्रांड निदेशक नियुक्त किए गए। उन्होंने तुषार गोकुलदास की जगह ली जो अब एडिडास इमर्जिंग मार्केट्स के ब्रांड डायरेक्टर होंगे। एडिडास यूरोप की सबसे बड़ी और नाइकी के बाद विश्व की दूसरे सबसे बड़ी खेल परिधान निर्माता है।
- दुनिया का पहला विश्व महासागर विज्ञान कांग्रेस (WOSC) केरल के कोच्चि में आयोजित किया गया। WOSC का फोकस थीम, आने वाली पीढ़ी और ब्लू इकॉनमी के लिए महासागरों की रक्षा करना था।
- भारतीय मूल के अमेरिकी वैज्ञानिक और न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के स्टर्न स्कूल ऑफ बिजनेस के प्रोफेसर श्रीकांत जगबथुला को अमेरिका में 'नेशनल साइंस फाउंडेशन' ने 'फैकल्टी अर्ली करिअर डेवेलपमेंट अवार्ड' (Faculty Early Career Development award) से सम्मानित किया। जगबथुला को परिचालन संबंधी फैसले लेने की बारीकी को सुधारने की डाटा संचालित मॉडलिंग और प्रशिक्षण तकनीकों को विकसित करने के लिए उन्हें पुरस्कृत किया गया। 'आईआईटी मुंबई' के पूर्व छात्र श्रीकांत को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के तहत अपनी रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए अगले 5 वर्ष तक 5 लाख अमेरिकी डॉलर की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।
- स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने जयपुर में राष्ट्रीय स्वच्छ दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय स्वच्छ पहल की शुरुआत की। इस पहल का उद्देश्य 1-19 वर्ष की उम्र के 24 करोड़ से अधिक बच्चों को पेट के कीड़ों से निजात दिलाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुमान के अनुसार भारत में 1 से 14 वर्ष की उम्र के 24 करोड़ बच्चों को पेट के कीड़े होने का खतरा होता है।
- राजस्थान सरकार ने अदानी समूह (Adani Enterprises Ltd/AEL) के साथ 10000 मेगावाट के सोलर पार्क परियोजना हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किया। इसके तहत राजस्थान में 10000 मेगावाट का भारत का सबसे बडा सोलर पार्क स्थापित किया जायेगा।
- सुमित दत्ता चौधरी ने टेलीकॉम ऑपरेटर रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।
- किरण बेदी ने 'किरण बेदी कैसे बनी टॉप कोप' नामक कॉमिक पुस्तक अपनी विधान सभा सीट कृष्णा नगर, नई दिल्ली में लांच किया। यह पुस्तक उनकी बहन रीता पेशावरिया मेनन और अनु पेशावरिया द्वारा लिखी गई। यह हास्य पुस्तक हिन्दी भाषा में लिखी गई है और इसमें 32 पृष्ठ हैं। इसमें चित्रों के साथ देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी के बारे में लिखा गया है।


- वोडाफोन इंडिया ने नवीन चोपड़ा को चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति 1 अप्रैल 2015 से प्रभावी होगी। नवीन चोपड़ा सुनील सूद की जगह लेंगे, जिन्हें जनवरी 2015 में वोडाफोन इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया। विदित हो कि नवीन चोपड़ा ने वर्ष 2004 से वोडाफोन के व्यावसायिक बाजार के उप-प्रमुख (Vice-President of Corporate Marketing) के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ की थी। वर्तमान में वे वोडाफोन बिजनेस सर्विसेज के निर्देशक पद पर कार्यरत हैं।
- एम रवींद्रन इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड के अध्यक्ष नियुक्त किए गए। एम रवींद्रन ने के के गुप्ता का स्थान लिया। गुप्ता भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के निदेशक (विपणन) है। वर्तमान में एम रवींद्रन राज्य के स्वामित्व वाली गैस उपयोगिता फर्म गेल (इंडिया) लिमिटेड के निदेशक (मानव संसाधन) है। आईजीएल के अध्यक्ष के पद को हर दो वर्ष में गेल और बीपीसीएल के बीच स्थानांतरित किया जा रहा है।
- न्यूज़ एक्स में राष्ट्रीय मामलों के संपादक वरिष्ठ पत्रकार दीप्तोष मजूमदार का निधन।
- चीन ने अपने महत्वाकांक्षी अंतरमहाद्वीपीय पहल समुद्री सिल्क रोड (एमआरएस MRS) के जरिए अपने पहले क्रूज लाइनर की समुद्री यात्रा का शुभारंभ किया। यह समुद्री यात्रा दक्षिण पश्चिम चीन के गुंग्झी झुआंग स्वायत्त क्षेत्र में स्थित बीहाई बंदरगाह से शुरु हुई। अपनी पहली यात्रा के दौरान यह जहाज दक्षिण पश्चिम एशिया के तीन देशों - वियतनाम, थाइलैंड और मलेशिया जाएगा। 21वीं सदी का समुद्री सिल्क रोड परियोजना चीन के राष्ट्रपति झी जिंगपिंग की एक पहल है जिन्होंने 2013 में एमएसआर का कायाकल्प और चीन और आसियान (दक्षिण पश्चिम एशियाई देशों का संघ) समुदायों के बीच करीबी रिश्ता स्थापित करने के लिए प्राचीन सिल्क रोड के पुनरुद्धार का प्रस्ताव दिया था। (9)



- भारतीय अर्थशास्त्री और नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को चार्ल्सटोन-ईएफजी जॉन मेनार्ड केन्स पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। अमर्त्य सेन को कल्याणकारी अर्थव्यवस्था पर उनके काम के लिए पुरस्कृत किया गया। अमर्त्य सेन इस पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पहले विजेता बनें। अमर्त्य सेन 23 मई 2015 को चार्ल्सटन समारोह में सालाना चार्ल्सटन-ईएफजी केन्स व्याख्यान देंगे जिसका विषय-मितव्ययिता के आर्थिक परिणाम रखा गया है।
- इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस लिमिटेड ने भारतीय रेल के वाराणसी स्थित डीजल लोकोमोटिव वर्क्स से 450 करोड़ रुपए के उपकरणों का आर्डर प्राप्त किया। डीजल लोकोमोटिव वर्क्स वाराणसी में स्थित भारतीय रेल की उत्पादन इकाई है जो सालाना लगभग 300 डीजल इलेक्ट्रिक इंजन बनाती है।

www.crackgpsc.com

- भारतीय नौसेना ने बड़े पैमाने वाला एक मानवीय सहायता एवं आपदा राहत (HARD) अभ्यास का आयोजन लक्ष्यद्वीप (कावारती, अगाती, कालपेनी और एंड्रोथ) में किया। HARD अभ्यास का डिजाइन लक्ष्यद्वीप द्वीपसमूहों में आने वाले प्रमुख चक्रवाती तूफानों और आवश्यक सेवाओं में बाधा पहुंचाने, बड़े पैमाने पर संपत्ति के नुकसान, जीवन और कर्मियों के लापता होने की स्थित में भारतीय नौसेना की तैयारी और क्षमताओं के आकलन हेतु डिजाइन किया गया था।



- दिल्ली विधान सभा चुनाव 2015 में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली विधना सभा की कुल 70 सीटों में से 67 सीटें जीती। भारतीय जनता पार्टी को मात्र तीन सीटों पर जीत हासिल हुई। कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत सकी। दिल्ली विधानसभा में कुल 70 सीटें हैं।
- 15वां दिल्ली सतत विकास सम्मेलन नई दिल्ली स्थित ताज प्लेस होटल में संपन्न हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन ऊर्जा और संसाधन संस्थान- टेरी (The Energy and Resources Institute/TERI) द्वारा किया गया था। शिखर सम्मेलन का विषय 'सतत विकास लक्ष्यों के साथ जलवायु परिवर्तन' (Sustainable Development Goals and Dealing with Climate Change) था।
- केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने 10 फरवरी को राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस घोषित किया। राष्ट्रीय कृमिमुक्त दिवस व्यापक स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दे जैसे परजीवी कृमि संक्रमण के खतरों को कम करने की दिशा में किया गया एक पहल है। इससे सिर्फ भारत में 24 करोड़ से अधिक बच्चे प्रभावित है। इसके अलावा नड्डा ने 9 फरवरी 2015 को राष्ट्रीय कृमिमुक्त पहल की शुरुआत की। पहल का उद्देश्य 1 से 19 वर्ष के बीच सभी प्री स्कूल और स्कूल जाने वाले बच्चों (दाखिला ले चुके या जिन्होंने दाखिला नहीं लिया है वे भी) को पेट के कीड़े से बचाना है।
- अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में जारी अशांति के कारण वहां स्थित अपने दूतावास बंद कर दिए। विदित हो कि यमन में महीनों से संकट जारी है जहां ईरान से जुड़े शिया हूती विद्रोही राजधानी की घेराबंदी किये हुए हैं।




- आईसीआईसीआई बैंक ने मोबाइल फोन पर भारत का पहला डिजिटल बैंक 'पॉकेट्स' का आरंभ किया। डिजिटल ई-वालेट एक वर्चुअल वीज़ा कार्ड का उपयोग करता है जो उपयोगकर्ताओं को भारत में किसी भी वेबसाइट या मोबाइल एप्लिकेशन पर लेनदेन की सुविधा प्रदान करेगा। इस की सहायता से उपयोगकर्ता किसी भी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर, फेसबुक व ट्विटर के अपने मित्रों और बैंक खातों से या उनके खातों मे तत्काल

www.crackgpsc.com

पैसा भेज सकते हैं या मंगाने के लिए अनुरोध कर सकते हैं। इस ई-वालेट की सुविधा से व्यक्ति बिल पेमेंट, मोबाइल रिचार्ज, ऑनलाइन शॉपिंग और ऑनलाइन टिकट बुकिंग जैसी सर्विसेज का भी उपयोग कर सकते हैं।




- रिलायंस कम्युनिकेशंस ने फेसबुक की पहल "इंटरनेट डॉट ओआरजी" (Internet.org) के माध्यम से भारत में लोगो को नि:शुल्क इंटरनेट सुविधाएं देने के लिए सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक के साथ समझौता किया। दोनों कंपनियों ने संयुक्त रूप से अधिक भारतीयों को इंटरनेट के उपयोग को प्रोत्साहित करने हेतु और भारत में एक अरब लोगों को इंटरनेट के माध्यम से जागरुक करने के उद्देश्य से "इंटरनेट डॉट ओआरजी" का आरंभ किया। "इंटरनेट डॉट ओआरजी" पहल के तहत स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ी 33 लोकप्रिय वेबसाइटें नि:शुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। इस सुविधा के माध्यम से उपभोक्ता 2जी और 3जी प्लेटफार्मों दोनों पर नि:शुल्क इंटरनेट का उपयोग कर सकेंगें। एंड्रॉयड आधारित "इंटरनेट डॉट ओआरजी" एप्लीकेशन स्मार्टफोन्स पर भी नि:शुल्क इंटरनेट उपलब्ध् कराएगी। भारत एशिया का पहला देश होगा जिसे "इंटरनेट डॉट ओआरजी" एप्प मिलेगा। पहले चरण में यह सेवा आरकॉम के सात सर्किल में उपलब्ध होगी जिसमें मुंबई, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, चेन्नई और केरल शामिल हैं। दूसरे चरण में इस सेवा को मई 2015 से पूरे भारत में शुरू किया जाएगा।
- ब्रिगेड ऑफ़ द गार्ड और सिख रेजीमेंट को संयुक्त रूप से गणतंत्र दिवस 2015 के अवसर पर किए गए प्रदर्शन में सर्वश्रेष्ठ मार्चिंग दल ट्राफी से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार चीफ ऑफ़ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष एवं एयर चीफ मार्शल अरूप राहा द्वारा रक्षा मंत्रालय, नई दिल्ली में आयोजित एक पुरस्कार समारोह के दौरान दिया गया।
- पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से माइक्रो व्यापार क्रेडिट कार्ड आरंभ किया। माइक्रो व्यापार क्रेडिट कार्ड भारत में अपनी तरह का पहला कार्ड है। इस व्यापार क्रेडिट कार्ड से किसानों को कारोबार शुरू करने में मदद मिलेगी। इस कार्ड की मदद से लघु और मध्यम उद्यमी बिना किसी जमानत के व्यावसायिक गतिविधियों हेतु 5 लाख रुपये तक का ऋण प्राप्त कर सकेंगे।



- 'कालिक्कुन्ना कुट्टिकलकायी भारतम कातिरिक्कुन्नु' नाटक में भागीदारी के कारण 35वें राष्ट्रीय खेलों के शुभंकर 'अम्मू'-द ग्रेट हार्नबिल का नाम लिम्का बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज किया गया। इस शुभंकर का डिजाइन राकेश ने किया है। यह नाटक ऐसे शुभंकर के बारे में है जिसका मंचन सबसे अधिक स्कूलों में (केरल के सात जिलों के 147) किया गया। ग्रेट हार्नबिल केरल का राज्य पक्षी है। ग्रेट हार्नबिल प्रजाति के संरक्षण के लिए, जो विलुप्त होने के कगार पर है, राज्य की चिंता को प्रतिबिंबित करने हेतु इसको शुभंकर चुना गया। स्त्रीलिंग 'अम्मू' केरल की महिलाओं के लिए एक श्रद्धांजलि के रूप में शुभंकर हेतु चुना गया और यह केरल के लिंगानुपात पर गर्व करने की भी याद दिलाता है। केरल भारत का एकमात्र राज्य है जहां स्त्रियों का अनुपात पुरुषों की तुलना में (लिंगानुपात) अधिक है।
- भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी कृष्णा चौधरी ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के महानिदेशक का कार्यभार संभाला। कृष्णा चौधरी ने सुभाष गोस्वामी का स्थान लिया।
- हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिलमा स्थित पुलिस मुख्यालय में अपराध एवं अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली (सीसीटीएनएस) परियोजना का शुभारंभ किया। इसके साथ ही हिमाचल प्रदेश इस परियोजना के अद्यतन स्वरूप के साथ जुड़ने वाला देश का पहला राज्य बन गया।
- केंद्र सरकार ने अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय में केन्द्रीय सार्वजनिक उपक्रम (सीपीएसई) राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास एवं वित्त निगम की अधिकृत शेयर पूंजी को मौजूदा 1500 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3000 करोड़ रुपये करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। एनएमडीएफसी अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए काम करता है।
- इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड के बोर्ड ने अपनी आईपीएल टीम 'चेन्नई सुपरकिंग्स' (सीएसके) को एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी 'चेन्नई सुपर किंग्स क्रिकेट लिमिटेड' (सीएसकेसीएल) को हस्तांतरित करने को मंजूरी दी। बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एन श्रीनिवासन के नेतृत्व वाली इंडिया सीमेंट्स लिमिटेड की आईपीएल टीम चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) मैच फिक्सिंग को लेकर विवादों में रही है। इससे संबंधित विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि बीसीसीआई का कोई भी पदाधिकारी क्रिकेट में व्यावसायिक फायदे वाला कोई भी काम नहीं करेगा।
- युवा मामलों एवं खेल मंत्रालय ने राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार योजना (Rashtriya Khel Protsahan Puruskar Scheme) को दोबारा शुरू किया। इस योजना के तहत चार वर्गों में राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार दिये जायेंगे।
- एक वेब आधारित उपकरण क्रूरता ट्रैकिंग और निगरानी (एटीएम) प्रणाली शुरू की गई। यह उपकरण दलितों और आदिवासियों के खिलाफ अत्याचारों पर नजर रखने और

त्वरित न्याय देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। यह उपकरण नेशनल दलित मूवमेंट फॉर जस्टिस ने शुरू किया।

- ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के निदेशक मंडल ने ग्रासिम के साथ आदित्य बिड़ला केमिकल्स के प्रस्तावित विलय को मंजूरी दी।
- सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट ने 'सनराइज' कैलेंडर एप का 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहण किया। 'सनराइज' कैलेंडर एप आईओएस एवं एंड्राइड (iOS and Android) हेतु कैलेंडर एप्प बनाने के लिए प्रसिद्ध है। माइक्रोसॉफ्ट इसका उपयोग अपने आने वाले प्रोडक्ट्स के लिए करेगा।
- केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 1984 के सिख विरोधी दंगा मामलों की फिर से जांच के लिए तीन सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। तीन सदस्यीय एसआईटी की अध्यक्षता वर्ष 1986 बैच के आईपीएस अधिकारी प्रमोद अस्थाना करेंगे। एसआईटी छह महीने में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा और 1984 दंगों से जुड़े सभी गंभीर मामलों में सबूतों की दोबारा जांच करेगी। एसआईटी का गठन सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) जी. पी. माथुर के नेतृत्व में गठित एक समिति की सिफारिशों के बाद किया गया।
- आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ने धन स्थानांतरण की 'फ्लैशरेमिट' सेवा शुरू करने हेतु यूएई एक्सचेंज के साथ समझौता किया। 'फ्लैशरेमिट' सेवा की सहायता से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहने वाले बैंक ग्राहकों अपना रुपया भारत में किसी भी आईसीआईसीआई बैंक खाते में सुरक्षित तरीके से तुरंत भेज सकते हैं। 'फ्लैशरेमिट' यूएई एक्सचेंज की तत्काल खाता क्रेडिट सुविधा है। यह सेवा ग्राहकों के लिए वर्ष में 365 दिन और पूरे 24 घंटे उपलब्ध होगी।
- मलेशियाई इस्लामी पार्टी (पीए) के आध्यात्मिक नेता निक अब्दुल अजीज निक मेट का निधन हो गया। वे वर्ष 1991 से पैन मलेशियाई इस्लामी पार्टी (पीए) के आध्यात्मिक नेता थे।
- भारत केन्या संयुक्त व्यापार समिति (जेटीसी) के 7वें दौर की बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई। वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) निर्मला सीतारमण ने बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया जबकि केन्या के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व केन्या के विदेश एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय के कैबिनेट सचिव राजदूत अमीना सी मोहम्मद ने किया। भारत और केन्या का संयुक्त आयोग 1999 में गठित किया गया था। इस की पहली बैठक जुलाई 2003 में नैरोबी में आयोजित की गई थी। संयुक्त व्यापार समिति की आठवीं बैठक नैरोबी में आयोजित होगी।
- 13 फरवरी 2015 को विश्व रेडियो दिवस विश्व स्तर पर मनाया गया। विश्व रेडियो दिवस 2015 की थीम युवा और रेडियो था। वर्ष 2011 में अपने 36 वें महासभा में,

www.crackgpsc.com

यूनेस्को ने 13 फ़रवरी को विश्व रेडियो दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहली बार विश्व रेडियो दिवस आधिकारिक रुप से वर्ष 2012 में मनाया गया।

- आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 ऑस्ट्रेलिया के मेलबोर्न और न्यूजीलैंड के क्राइस्टचर्च में आयोजित उद्घाटन समारोह के साथ प्रारंभ हुआ। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड संयुक्त रुप से क्रिकेट विश्व कप 2015 की मेजबानी कर रहे हैं। आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 में विश्व के 14 देशों की क्रिकेट टीम हिस्सा ले रही हैं। झूम बॉलीवुड डांस कंपनी ने उद्घाटन समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया।
- अखिल भारतीय फुटबॉल संघ (एआइएफएफ) ने भारतीय पुरुषों की फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री और स्ट्राइकर बाला देवी को वर्ष 2014 का सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी (प्लेयर ऑफ द ईयर 2014) चुना।
- एशियाई खेलों की पदक विजेता टिंटु लुका (केरल) ने 35वें राष्ट्रीय खेलों में को 800 मीटर दौड में स्वर्ण पदक जीता। टिंटु ने 800 मीटर दौड में स्वर्ण पदक जीतने के साथ ही इससे संबंधित 18 वर्ष पुराना रोसा कुट्टी (केरल) का रिकार्ड तोड़ा।
- पेंगुइन इंडिया ने प्रसिद्ध पत्रकार विनोद मेहता द्वारा लिखित पुस्तक 'एडीटर अनप्लग्ड: मीडिया, मैग्नेट्स, नेताज एंड मी' प्रकाशित की। इस पुस्तक में दिल्ली में सत्ता के गलियारों में उनके अपने अनुभवों को बताया गया है। मेहता ने इस पुस्तक में नरेंद्र मोदी, अरविंद केजरीवाल और नेहरू-गांधी वंश और गठबंधन की राजनीति और 2014 के लोकसभा चुनाव के बारे में अपने विचार व्यक्त किए है। विनोद मेहता ने संडे ऑब्जर्वर, इंडिया पोस्ट, द इंडिपेंडेंट, द पायनियर (दिल्ली संस्करण) और आउटलुक जैसे सफल प्रकाशनों की शुरूआत की।
- अमेरिकी सीनेट ने एश्टन कार्टर को अमेरिका के 25वें रक्षा प्रमुख (सचिव) के रूप में चुना। कार्टर, चक हेगल की जगह लेंगे, जिन्होंने राष्ट्रपति बराक ओबामा के साथ मतभेदों के बीच नवंबर 2014 में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। एश्टन कार्टर को भारत-अमेरिका रक्षा, व्यापार और प्रौद्योगिकी पहल (डीटीटीआई) के जनक के रूप में देखा जाता है, जिसके परिणामस्वरूप दोनों देश चार उच्च तकनीकी रक्षा उपकरणों के सह-उत्पादन और सह-विकास के लिए सहमत हुए थे।
- 35वें राष्ट्रीय खेल (केरल) के महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस में महाराष्ट्र की ललिता बाबर ने स्वर्ण पदक जीता। 35वें राष्ट्रीय खेल के पुरुषों की 800 मीटर दौड में केरल के साजीश जोसेफ ने लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता।
- भारत ने 290 किलोमीटर तक लक्ष्य को भेद सकने में सक्षम ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल का नौसेना के विध्वंसक पोत आईएनएस कोलकाता से सफल परीक्षण किया। आईएनएस कोलकाता की सबसे अधिक ब्रह्मोस मिसाइलें दागने की क्षमता है। जहां सामान्यत: एक पोत की आठ मिसाइलें लगातार दागने की क्षमता होती है, वहीं आईएनएस कोलकाता लगातार 16 ब्रह्मोस मिसाइलें दाग सकने में सक्षम है।

www.crackgpsc.com

आईएनएस कोलकाता स्वदेशी तकनीक से निर्मित देश का यह सबसे बड़ा युद्धपोत है। इस युद्धपोत का आदर्श वाक्य है - 'युद्धाय सर्वसन्नद्ध' अर्थात युद्ध के लिए सदा तैयार रहना।

- अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। दिल्ली के उप राज्यपाल नजीब जंग ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। अरविंद केजरीवाल दूसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। अरविंद केजरीवाल व्यक्ति के रूप में दिल्ली के 7वें और मुख्यमंत्री के कार्यकाल के रूप में 10वें मुख्यमंत्री हैं। मनीष सिसोदिया ने दिल्ली के उपमुख्य मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की। अन्य मंत्री : जितेंद्र तोमर : कानून विभाग, सत्येंद्र जैन : स्वास्थ्य और उद्योग विभाग, असीम अहमद खान: खाद्य आपूर्ति एवं अल्पसंख्यक मामले, संदीप कुमार : महिला एवं बाल कल्याण और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति।
- सूरज की सतह पर अत्याधिक शक्तिशाली विस्फोट से उत्पन्न होने वाली सौर ज्वालाओं और इससे धरती के वायुमंडल पर पड़ने वाले प्रभावों के अध्ययन के लिए अमरीकी अंतरिक्ष एजेसी "नासा" का डीप स्पेस क्लाइमेट आब्जरवेटरी (DSCOVR) उपग्रह सफलापूर्वक प्रक्षेपित कर दिया गया। उपग्रह को स्पेस एक्स के फांल्कन राकेट के जरिए प्रक्षेपित किया गया। यह उपग्रह सौर ज्वालाओं के अध्ययन के लिए नासा द्वारा 17 वर्ष पहले छोडे गए उपग्रह का स्थान लेगा। यह उपग्रह सौर तूफानों के बारे में सूचना एकत्र करेगा और सौर पवन में होने वाले बदलावों की निगरानी करेगा। साथ ही पृथ्वी से होने वाले खतरनाक विस्फोट की चेतावनी भी देगा। यह भविष्य के बदलावों की भविष्यवाणी करने में मदद करेगा। DSCOVR को सूर्य पृथ्वी L1 लांग्रंगियन बिन्दु पर पृथ्वी से 1500000 किलोमीटर की दूरी पर स्थित किया जाएगा। DSCOVR को NOAA, नासा और अमेरिकी वायु सेना ने संयुक्त रूप से विकसित किया है।
- भारतीय सॉफ्टवेयर कंपनी इंफोसिस ने अमेरिकी स्वचालन प्रौद्योगिकी (automation technology) कंपनी 'पनाया' (Panaya) को 20 करोड़ अमेरिकी डॉलर में अधिग्रहित करने की घोषणा की। पनाया की क्लाउडक्वालिटी से इन्फोसिस को अपनी सेवा प्रणाली में स्वचालन लाने में मदद मिलेगी।
- केन्द्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओरांव ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र में पहले राष्ट्रीय आदिवासी मेले 'वनज-2015' का उदघाटन किया। वनज 2015 एक सप्ताहिक राष्ट्रीय जनजातीय महोत्सव है। इस सप्ताहिक महोत्सव में देश भर के आदिवासी लोगों की संस्कृति, कला, चित्रकला, संगीत, नृत्य, आदिवासी दवाएं, खान-पान और विशेषकर आदिवासी व्यंजन की विविधता को प्रदर्शित किया जाएगा।
- पारले के उत्पादनों ने अपने देशव्यापी कूड़ा मुक्त अभियान की शुरुआत की और ग्राहकों से कूड़ा को कूड़ेदान में डालने का आग्रह किया। अभियान का उद्देश्य समुदाय के लिए

www.crackgpsc.com

पाठ्यक्रम बनाना और टीवी विज्ञापनों की श्रृंखला के जरिए देश भर में सकारात्मक संदेश के जरिए जागरूकता फैलाना है।

- चीन ने पाकिस्तान में अपना सबसे बड़ा दूतावास इस्लामाबाद में खोला। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने अपने पाकिस्तान यात्रा के दौरान इसका उद्घाटन किया।
- जमैका के धावक उसेन बोल्ट ने लंदन में वर्ष 2017 में होने वाले विश्व चैंपियनशिप के बाद संन्यास लेने की घोषणा की। 28 वर्षीय छह बार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता उसेन बोल्ट वर्ष 2017 में केवल 100 मीटर स्पर्धा पर ध्यान देंगे।
- आरबीआई ने एक रुपये के नोट को वापस लाने का फैसला किया। इस नोट को सरकार ही छापेगी। सरकार ने नवंबर 1995 के बाद एक रुपये के नोटों का मुद्रण बंद कर दिया था क्योंकि इन कीमत के हिसाब से छपाई की लागत काफी ज्यादा आती है। गुलाबी हरे रंग के इन नोटों पर सामने की तरफ अंग्रेजी के "गवर्नमेंट ऑफ इंडिया" के ऊपर "भारत सरकार" लिखा होगा और इन पर भारत सरकार के वित्त सचिव के हस्ताक्षर होंगे। इसमें समुद्र से तेल निकालने वाले रिग सागर सम्राट का चित्र भी अंकित होगा। वाटरमार्क में विंडो में अशोक स्तंभ मौजूद होगा जिसमें सत्यमेव जयते नहीं होगा तथा केंद्र में "1" लिखा होगा इस नोट में 15 भाषाओं में इसका मूल्य अंकित होगा। सिर्फ एक रुपये के नोट पर ही वित्त सचिव के हस्ताक्षर होते हैं। शेष सभी नोटों पर आरबीआई गवर्नर के हस्ताक्षर रहते हैं।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रिकेट विश्व कप की शुभकामना देने के लिए सार्क के चार देशों- पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के नेताओं को फोन किया। उन्होंने क्रिकेट खेल रहे देशों के नेताओं को फोन किया और उन्हें शुभकामनाएं दी। किक्रेट विश्व कप में सार्क के पांच देश हिस्सा ले रहे हैं। मोदी ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री नवाज शरीफ, अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रिपाल सीरिसेना को फोन किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।
- 35वें राष्ट्रीय खेलों में 1334 पदक प्रदान किए गए जिसमें 405 स्वर्ण, 406 रजत और 523 कांस्य पदक शामिल थे। सेना ने पदक तालिका में शीर्ष स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय खेलों में लगातार तीसरी बार शीर्ष स्थान का रिकॉर्ड बनाया। सेना ने राजा भालेंद्र सिंह ट्राफी जीत ली। 36वें राष्ट्रीय खेल वर्ष 2016 में गोवा में आयोजित किए जाएंगे। राष्ट्रीय खेलों की 33 स्पर्धाओं को राज्य के सात जिलों में 30 स्थानों पर आयोजित किया गया। पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन एक से अधिक जिलों में किया गया। 35वें राष्ट्रीय खेल 31 जनवरी 2015 से 14 फ़रवरी 2015 तक केरल में आयोजित किए गए। 35वें राष्ट्रीय खेल के सद्भावना राजदूत सचिन तेंदुलकर थे।
- विराट कोहली आईसीसी विश्व कप में पाकिस्तान के खिलाफ शतक बनाने वाले पहले भारतीय क्रिकेटर बन गए। इस से पहले भारतीय बल्लेबाज द्वारा पाकिस्तान के

www.crackgpsc.com

खिलाफ विश्व कप मैच में उच्चतम स्कोर सचिन तेंदुलकर (98 रन) के नाम था। इस शतक के साथ कोहली वन डे मैचों में सबसे तेज 22 शतक बनाने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने 143 पारियों में 22 शतक बनाए। इससे पहले ये रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था, जिन्होंने 206 पारियों में 22 शतक बनाए थे। कोहली के अलावा केवल चार बल्लेबाजों के नाम एकदिवसीय मैचों में 22 या उससे अधिक शतक हैं। इस सूचीं में सचिन तेंदुलकर (49 शतक), रिकी पोंटिंग (30 शतक), सनत जयसूर्या (28 शतक) और सौरव गांगुली (22 शतक) शामिल हैं।

- भारत ने 2015 के विश्व कप के अपने पहले मैच में 300 रन बनाए जो पाकिस्तान के सामने अब तक का सर्वाधिक स्कोर है। भारत ने इस मैच में पाकिस्तान को 76 रनों से हरा दिया।
- भारत के सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और सेबी की करोड़ों रुपयों के चिट फंड घोटाले में भूमिका की जांच करने का निर्देश दिया।
- सिंगापुर के राष्ट्रपति टॉनी टैन केंग याम ने भारत का दौरा किया। राष्ट्रपति टैन ने भारत में सिंगापुर महोत्सव का भी शुभारंभ किया।
- मालदीव के विदेश मंत्री दुन्या मौमून ने भारत का दौरा किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और एक दूसरे के साथ समुद्री सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर भी बातचीत की। दो समुद्री पड़ोसियों ने द्विपक्षीय संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य पर महासागरीय रणनीति को भी मजबूत बनाने पर सहमति जताई। नवंबर 2015 में भारत और मालदीव द्विपक्षीय संबंधों के 50 वर्ष पूरे होने पर समारोह करने वाले हैं।
- मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेट कप्तान सौरव गांगुली को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की। वे जुलाई 2014 से एमसीसी विश्व क्रिकेट समिति के सदस्य हैं। सौरव गांगुली ने 16 वर्ष तक भारत के लिए खेलने के बाद वर्ष 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों से सन्यास लिया था।
- बालासुब्रमनियम वेंकटरमण मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज लिमिटेड के प्रबंध (एमसीएक्स) नियुक्त हुए। (सीईओ) और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (एमडी) निदेशक उन्होंने मनोज वैश्य का स्थान लिया। इस नियुक्ति से पहले वेंकटरमण बंबई स्टॉक एक्सचेंज के चीफ बिजनेस ऑफिसर थे। (बीएसई)
- पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के अलगोकोठी गाँव/ भिखीविंड (तरन-तारण जिला) में भगवान विष्णु की प्राचीन मूर्ति मिली। इस मूर्ति की विशेषता यह है कि कमल के फूल पर विष्णु खड़े हैं जबकि उनकी मूर्ति के साथ ही 21 अन्य देवताओं की मूर्ति है। पुरातत्ववेताओं के अनुसार यह मूर्ति 1700 वर्ष पुरानी है और गुप्त काल की है।
- नागेश कुकुनूर द्वारा निर्देशित फिल्म 'धनक' ने 65वें बर्लिन अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह में दो पुरस्कार जीते। 'धनक' ने बेस्ट फीचर फिल्म के लिए स्पेशल मेंशन

पुरस्कार जीता। बेस्ट फिचर फिल्म की श्रेणी में ग्रां प्रिक्स ऑफ जेनरेशन केप्लस इंटरनेशनल ज्यूरी से सम्मानित किया गया।

- तीसरे राष्ट्रीय लोकअदालत में एक ही दिन में 56000 मामलों का फैसला किया गया।
- प्रसिद्ध कार्टूनिस्ट, स्तंभकार और राजनीतिक कार्यकर्ता राजिंदर पुरी का निधन हो गया। राजिंदर पुरी को उनके राजनीतिक कटाक्ष कार्टूनों के लिए जाना जाता था।
- 29वां सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला 1 फरवरी 2015 से 15 फरवरी 2015 तक सूरजकुंड, फरीदाबाद (हरियाणा) में मनाया गया। (16)
- छत्तीसगढ सरकार को अक्षय उर्जा के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हेतु राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। छत्तीसगढ़ सरकार के अनुसार राज्य में ऊर्जा के संभावित सभी वैकल्पिक स्रोतों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इन योजनाओं के तहत प्रदेश में रूफ-टॉप ऑफ ग्रिड सोलर एनर्जी के 45 मेगावाट के संयंत्र लगाए गए हैं, जिन्हें देश में सर्वश्रेष्ठ माना गया है। इस के साथ ही साथ छत्तीसगढ़ के लगभग 600 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 100 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 350 पुलिस थाना भवनों और लगभग 1800 आदिवासी छात्रावासों तथा प्रदेश के सभी 27 जिलों के कलेक्टोरेट में वैकल्पिक बिजली की सुविधा के रूप में सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए गए हैं। प्रदेश के दूरदराज इलाकों में स्थित लगभग 1700 गांवों को भी सौर ऊर्जा से विद्युतीकृत किया गया है। ऐसे गांवों में पेयजल के लिए 3000 और सिंचाई के लिए 1500 सौर ऊर्जा आधारित पम्प लगाए गए हैं।
- भारत और श्रीलंका ने असैन्य परमाणु सहयोग, सांस्कृतिक सहयोग और कृषि क्षेत्र में सहयोग हेतु द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते पर श्रीलंका के राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरीसेना की भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए। दोनों देशों ने वर्ष 2015-18 हेतु सांस्कृतिक सहयोग के समझौते पर हस्ताक्षर किए नालंदा विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।
- फ्रांस ने मिस्र के साथ 24 राफेल फाइटर प्लेन बेचने के समझौते पर हस्ताक्षर किया। यह सौदा 5.9 बिलियन अमेरिकी डालर में हुआ, जो फ्रांस द्वारा विदेशों में राफेल फाइटर प्लेन बेचने का पहला सौदा है।
- दो बार टूर डी फ्रांस विजेता अल्बर्टो कोंटाडोर ने वर्ष 2016 के सत्र के बाद पेशेवर साइक्लिंग से संन्यास की घोषणा की।
- अरबपति मिशेल फरेरो का निधन हो गया। मिशेल फरेरो इटली के सबसे अमीर व्यक्ति थे और ग्लोबल चॉकलेट एवं कन्फेक्शनरी के मालिक थे। इसी कन्फेक्शनरी ने न्यूटेला स्प्रेड बनाया था। न्यूटेला का सबसे बड़ा बाजार जर्मनी है।
- कोलिंडा ग्रेबर किटरोविक ने क्रोएशिया के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की। वर्ष 1991 में यूगोस्लाविया से स्वतंत्र होने के बाद वह क्रोएशिया की पहली महिला राष्ट्रपति और चौथी राष्ट्रपति है। क्रोएशिया में राष्ट्रपति का कार्यकाल पांच वर्ष का

www.crackgpsc.com

होता है और कोई भी राष्ट्रपति दो कार्यकाल से अधिक समय तक राष्ट्रपति के पद पर नहीं रह सकता।

- शहरी विकास मंत्रालय ने केंद्र सरकार की स्मार्ट शहरों की पहल (स्मार्ट सिटी इनिशिएटिव) के लिए ब्लूमबर्ग फिलैनथ्रोपीज के साथ भागीदारी की।
- केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने पांच वर्षों के लिए ग्रेफाइट इलेक्ट्रोडों के आयात पर एंटी-डंपिंग शुल्क लगा दिया। इस कदम के पीछे सरकार का मकसद घरेलू उद्योग को कम लागत में ग्रेफाइट इलेक्ट्रोडों के लदान से सुरक्षित करना है। ग्रेफाइट इलेक्ट्रोडों का इस्तेमाल स्टील को पिघलाने में होता है। एंटी- डम्पिंग शुल्क वह शुल्क है जो सरकार द्वारा आयातित वस्तुओं पर लगाया जाता है जिनकी कीमतें सामान्य कीमत या घरेलू मूल्य से कम होती है। यह विश्व व्यापार संगठन (WHO) के तहत लगाया जाता है और अलग-अलग देशों में अलग-अलग वस्तुओं के लिए अलग-अलग होता है।
- भारत ने सस्टेनेबल लाइवलीहुड्स एंड एडेप्टेशन टू क्लाइमेट चेंज (SLACC) परियोजना के वित्त पोषण के लिए विश्व बैंक से 8 मिलियन अमेरिकी डॉलर का करार किया।
- अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस (RCom) ने माइक्रो ब्लॉगिंग साइट ट्विटर के साथ एक समझौता किया। इसके तहत रिलायंस कम्युनिकेशंस के ग्राहक आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2015 के दौरान ट्विटर का मुफ्त इस्तेमाल करने के साथ-साथ उस से कनेक्ट भी रहेंगे।
- म्यांमार के नेय पाई ताउ में भारत-म्यांमार संयुक्त व्यापार समीति की 5वीं बैठक आयोजित की गई। भारत की वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) निर्मला सीतारमण ने म्यांमार के केंद्रीय वाणिज्य मंत्री यू विन मिन्ट के साथ बैठक की सह-अध्यक्षता की। बैठक के दौरान दोनों देशों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी संबंधों को मजबूत बनाने के प्रति खासतौर पर दोनों तरफ से किए जाने वाले निवेश, बुनियादी ढांचागत विकास विशेषतौर पर व्यापक व्यापार, कनेक्टिविटी, कृषि, ऊर्जा, कौशल और उद्यमिता विकास, दवाएं और दोनों देशों की जनता के बीच संपर्क को बढ़ावा देने के क्षेत्र में अपनी प्रतिबद्धता जताई। अगला संयुक्त व्यापार और निवेश मंच चेन्नई में आयोजित किया जाएगा।

Useful For....
UPSC, GPSC, GAUN SEVA, PSI, SSC, CDS, NDA, AIR FORCE, NAVY, IB, IFS, RBI, IBPS, SBI, TAT, TET, HTAT, Railway, Post, LIC, GIC, AAO, GCET, MBA & All Competitive Exams
www.crackgpsc.com

- यूरोप आधारित आरयूएजी एरोनॉटिक्स और टाटा समूह की टीएएल मैन्यूफैक्चरिंग सोल्यूशन ने एयरबस 320 के उपकरणों की आपूर्ति के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- भारत एवं बांग्लादेश के बीच सीमा पर संयुक्त निगरानी हेतु सहमति बनी।
- बहुभाषी फिल्म निर्माता और दादा साहेब फाल्के पुरस्कार विजेता डी रामा नायडू का निधन हो गया। उनकी लोकप्रिय हिंदी फिल्मों में 'प्रेमनगर', 'दिलदार', 'बंदिश', 'अनाड़ी', 'हम आपके दिल में रहते हैं' और 'प्रेम कैदी' आदि प्रमुख हैं। डी रामा नायडू ने भारतीय सिनेमा में सर्वाधिक फिल्में बनाकर गिनीज बुक रिकार्ड में अपना नाम दर्ज कराया।
- बिहार राज्य सरकार ने गैर राजपत्रित सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया।
- भारतीय टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल लिमिटेड ने संयुक्त राष्ट्र बाल कोष (यूनिसेफ) के साथ 17 अफ्रीकी देशों में अपने ग्राहकों के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा और युवा केंद्रित सामग्री उपलब्ध कराने के लिए एक समझौता किया।
- भारत की पहली वायु की गुणवत्ता जांच करने वाली मोबाइल एप्प सफ़र-एयर महाराष्ट्र के पुणे स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मिट्रिओलॉजी (आईआईटीएम) में शुरू की गई। सफ़र हवा की गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान की प्रणाली है जो पहली बार राष्ट्रमंडल खेलों के दौरान वर्ष 2010 में दिल्ली में शुरू की गई थी। सफर के परियोजना निदेशक गुफरान बेग हैं। यह एप्लिकेशन नागरिकों को उनके शहर के हवा के प्रदूषण स्तर की सूचना रीयलटाइम में उपलब्ध कराने में सक्षम होगी।
- पुणे स्थित आई लीग फुटबॉल क्लब भारत एफसी ने अंग्रेजी फुटबॉल टीम के कोच बैरी नोल्स को अपने युवा विकास कार्यक्रम का प्रमुख नियुक्त किया।
- ऑनलाइन शॉपिंग पोर्टल स्नैपडील डॉट कॉम ने महंगी श्रेणी फैशन पोर्टल एक्सक्लूसिवली डॉट कॉम का अधिग्रहण किया। स्नैपडील के कुल कारोबार में इस समय फैशन उत्पाद का योगदान 60% है। इस अधिग्रहण के बाद एक्सक्लूसिवली डॉट कॉम के सह-संस्थापक मोहिनी बोपराई-गुलेरिया स्नैपडील में जनरल मैनेजर (क्रिएटिव और कैटलाग) और संजय गुलेरिया एक्सक्लूसिवली डॉट कॉम में जनरल मैनेजर (बिजनेस) के रूप में शामिल हुए।
- कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने अपने अंशधारकों को निष्क्रिय भविष्य निधि खातों को पता लगाने में मदद के लिए एक ऑनलाइन सहायता डेस्क की स्थापना की। इस की शुरुआत केंद्रीय श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशों के तहत श्रमेव जयते कार्यक्रम के अंतर्गत किया। इसका उद्देश्य ऐसे खातों में पड़े धन का अंतिम निपटान करना या अंशधारकों के नये खातों में धन का अंतरण करना है। इन खातों में कुल 27000 करोड रुपए पड़े हुए हैं। ऐसे निष्क्रिय खातों की संख्या करीब 8.15 करोड है।

- बीजू जनता दल (बीजद) के उपाध्यक्ष कालिंदी चरण बेहरा का निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ कस्बे में मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना का शुभारंभ किया। यह योजना किसानों को वैज्ञानिक दृष्टि से मृदा का विश्लेषण करने में मदद करेगी। इस योजना का उद्देश्य पोषक तत्वों और उर्वरकों के उचित उपयोग से उत्पादकता में सुधार लाकर किसानों की मदद करना है। योजना के तहत तीन साल में 14 करोड मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जाएंगे। करीब 3 करोड़ किसानों को वित्तीय वर्ष 2014-15 में इस परियोजना के तहत कवर किया जाएगा। इस मृदा स्वास्थ्य कार्ड में सभी बुनियादी जानकारी और फसल के लिहाज से आवश्यक पोषक तत्वों या उर्वरकों की जानकारी होगी। इसमें उत्पादकता बढ़ाने के लिए भूमि के प्रकार और उस पर उगाई जाने वाली फसल के प्रकार के आधार पर आवश्यक उर्वरक और अन्य जरुरी आगतों की भी जानकारी होगी।
- मुंबई स्थित प्रमुख दवा कंपनी ल्यूपिन ने पोलैंड की सेलॉन फार्मा के साथ करार किया। करार के तहत ल्यूपिन सेलॉन के साथ मिलकर अस्थमा के इलाज में इस्लेमाल की जाने वाली गैलेक्सोस्मिथकेलाइन की दवा एडवेर डिसकस (Advair Diskus) का सामान्य संस्करण विकसित करेगी।
- उर्दू कवि डॉ कलीम अहमद अजीज़ का निधन हो गया। मृत्यु के समय अजीज़ बिहार सरकार में उर्दू सलाहकार समिति के अध्यक्ष पद पर सेवारत थे। वह 1960 और 70 के दशक में स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर दिल्ली के लाल किले में हर साल आयोजित मुशायरे में बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाले एक मात्र उर्दू कवि थे।
- मनोरमा डोबरियाल शर्मा का निधन हो गया। मनोरमा शर्मा उत्तराखंड की पहली महिला राज्य सभा सांसद थीं।
- केंद्र सरकार ने 8 बिलियन अमेरिकी डालर के लागत वाली परियोजना-17A को मंजूरी प्रदान की। इस परियोजना का उद्देश्य देश में सबसे उन्नत युद्धपोतों का निर्माण करना है। परियोजना-17A के तहत सात युद्धपोतों का निर्माण किया जाना है। ये युद्धपोत अत्याधुनिक तकनीक से लैस होंगे और रडार के जरिये भी इनका पता लगाना मुश्किल होगा। परियोजना-17 ए के तहत मुंबई व कोलकाता के सरकारी पोत कारखाने में इन युद्धपोतों का निर्माण किया जाएगा। सरकार का उद्देश्य हिंद महासागर में भारतीय नौसेना की क्षमता बढ़ाकर इसे चीनी नौसेना के समकक्ष बनाना है। इस परियोजना की मंजूरी चीनी नौसेना की बढ़ती ताकत को देखते हुए अत्यंत महत्व पूर्ण है।



- बिहार के मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने बिहार विधानसभा में विश्वासमत हासिल करने से पहले ही अपना इस्तीफा दे दिया और बिहार विधानसभा को भंग करने की सिफारिश की। बिहार के राज्यपाल केएन त्रिपाठी ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया। नीतीश कुमार के इस्तीफे के बाद

www.crackgpsc.com

जीतन राम मांझी बिहार के 23वें मुख्यमंत्री के रूप में जनता दल (यूनाइटेड) पार्टी द्वारा चुने गए थे। नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव 2014 में अपनी पार्टी के खराब प्रदर्शन के बाद मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इस से पहले जीतन राम मांझी नीतीश कुमार के मंत्रिमंडल में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री थे।

- भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक रशद हुसैन को अमेरिका में आतंकवाद निरोधक रणनीतिक संचार केंद्र का विशेष दूत और संयोजक नियुक्त किया गया। हुसैन वर्तमान में इस्लामिक देशों के संगठन में अमेरिका के विशेष दूत हैं। हुसैन हिंसक उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए और दुनिया भर में आतंकवाद निरोधक रणनीतिक संचार को विकसित करने हेतु अमेरिका विभागों और एजेंसियों का नेतृत्व करेंगे। आतंकवाद निरोधक रणनीतिक संचार केंद्र वर्ष 2010 में स्थापित किया गया।
- भारत ने परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम और सतह से सतह पर मार करने वाले अपने स्वदेशी प्रक्षेपास्त्र पृथ्वी 2 मिसाइल का सफल परीक्षण किया। पृथ्वी-2 प्रक्षेपास्त्र 500 किलोग्राम से 1000 किलोग्राम तक परमाणु और परंपरागत दोनों तरह के हथियार ले जाने में सक्षम है। पृथ्वी 2 की मारक क्षमता 350 किलोमीटर है।
- भारत और अमेरिका ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र और अन्य बहुपक्षीय मुद्दों पर अपनी पहली द्विपक्षीय वार्ता का आयोजन वाशिंगटन में किया। दोनों देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा, शांति अभियानों, समुद्री चोरी पर ध्यान देना, पोस्ट 2015 विकास एजेंडा, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद और आपसी हितों के अन्य मामलों पर भी फोकस किया गया।
- फिल्म निर्माता-निर्देशक नीरद नारायण महापात्रा का निधन हो गया। नीरद राष्ट्रीय फिल्म ज्यूरी के सदस्य थे। इसके अलावा कई बार भारतीय पैनोरमा के चयन पैनल के सदस्य भी रहे।
- असम के मुख्यमंत्री तरुण गोगई ने मजबूत अर्थव्यवस्था में प्रवेश करने के लिए असम और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों (एनई) के लिए नेचुरोनॉमिक्स की वकालत की। नेचुरोनॉमिक्स का अर्थ है क्षेत्र में सतत विकास के लिए प्रकृति और अर्थव्यवस्था का सही मिश्रण। इसके तहत सरकार को चाय, बांस, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य कृषि आधारित उद्योगों को राज्य के औद्योगिक विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पर्याप्त प्रोत्साहन देना होगा। उन्होंने इस शब्द का प्रयोग जोरहाट में पहले असम अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं औद्योगिक मेला में बोलते हुए किया।
- वैज्ञानिक तपन मिश्रा को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के स्पेस एप्लीकेसन सेण्टर (एसएसी) अहमदाबाद का निदेशक नियुक्त किया गया। तपन मिश्रा ने ए एस किरन कुमार का स्थान लिया।

www.crackgpsc.com

- कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के नेता और महाराष्ट्र में रोड टोल टैक्स के खिलाफ अभियान का नेतृत्व कर रहे गोविंद पंसारे की गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- क्रिकेट विश्व कप में भारत ने पहली बार दक्षिण अफ्रीका को 130 रन से हराया, 137 रन बनाने वाले शिखर धवन मैन ऑफ द मैच घोषित।
- सोमदेव देववर्मन ने युकी भांबरी को हराकर दिल्ली ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता।
- सरकार देश के 12 प्रमुख बंदरगाहों के आसपास एक-एक स्मार्ट शहर विकसित करने की एक महत्वाकांक्षी योजना पर काम कर रही है जिन पर अनुमानित कुल 50,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा।
- थाईलैंड की संसद (नेशनल लेजिस्लेटिव असेम्बली) ने एक ऐसा कानून पारित किया है. जिसके तहत विदेशी दंपतियों पर थाई महिलाओं के माध्यम से सन्तान के जन्मपर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है।
- भारतीय मूल के अमेरिकी पुर्णेंद्र दासगुप्ता को रसायन विज्ञान के क्षेत्र में विशेष योगदान देने के लिए टेक्सास (अमेरिका) में वर्ष 2015 का 'अमेरिकन केमिकल सोसायटी डिवीजन ऑफ एनालिटिकल केमिस्ट्री जे कलविन गिडिंग्स अवार्ड' (रसायन शास्त्र पुरस्कार) से सम्मानित किया गया। पुर्णेंद्र दासगुप्ता टेक्सास विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं।
- पूरे विश्व में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 21 फरवरी 2015 को मनाया गया। फरवरी 2000 से प्रति वर्ष यह दिवस मनाया जाता है।
- पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले और ऑस्ट्रेलिया के बेट्टी विल्सन को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हाल ऑफ फेम में शामिल किया गया। कुंबले और विल्सन हॉल ऑफ फेम में शामिल होने वाले 77वें और 78वें सदस्य हैं। कुंबले सुनील गावस्कर, कपिल देव और बिशन बेदी के बाद इस एलीट क्लब में शामिल होने वाले चौथे भारतीय है। बेलिंडा क्लार्क के बाद विल्सन हॉल ऑफ फेम में शामिल दूसरी ऑस्ट्रेलियाई महिला है। विल्सन को मरणोपरांत यह सम्मान दिया गया। अनिल कुंबले ने अपने टेस्ट करियर में 619 टेस्ट विकेट लिए और वह मुथैया मुरलीधरन (800) और शेन वॉर्न (708) के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज हैं। बेट्टी विल्सन को महानतम महिला क्रिकेटरों में से एक माना जाता है।
- जनता दल यूनाइटेड नेता नीतीश कुमार ने बिहार के 34वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। बिहार के राज्य पाल केशरी नाथ त्रिपाठी ने उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नीतीश कुमार के साथ कुल 22 मंत्रियों ने भी शपथ ली। बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार ने जितन राम मांझी का स्थान लिया। नीतीश कुमार ने बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में चौथी बार मुख्यमंत्री का पदभार संभाला।

www.crackgpsc.com

- भारतीय गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी ने दिल्ली गोल्फ क्लब में इंडियन ओपन खिताब जीता।
- 10वां एयरो इंडिया शो कर्नाटक के बेंगलुरू स्थित येलाहंका वायु सेना स्टेशन में संपन्न हुआ। भारत और विदेशों की 700 से अधिक कंपनियों और 109 देशों के प्रतिनिधियों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया।
- मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें आतंकवाद विरोधी कानूनों के तहत एक न्यायालय के ब्यान के बाद गिरफ्तार किया गया जिसमे बताया गया था की वह आतंकवाद के आरोप में सुनवाई से बचने के लिए देश छोड़ कर भाग सकते हैं। उन पर जनवरी 2012 में आपराधिक न्यायालय के न्यायाधीश अब्दुल्ला मोहम्मद को गिरफ्तार कराने का आरोप है।
- केंद्र सरकार द्वारा मध्यप्रदेश को लगातार दूसरी बार वर्ष 2012-13 में कुल खाद्यान्न उत्पादन वृद्धि की श्रेणी में 'कृषि कर्मण अवार्ड' देने की घोषणा की गई। वर्ष 2010-11 में कृषि कर्मण पुरस्कार की स्थापना के बाद खाद्यान्न उत्पादन श्रेणी में लगातार दूसरी बार कृषि कर्मण पुरस्कार प्राप्त करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। यह पहली बार है जब मध्यप्रदेश ने गेहूँ के साथसाथ धान और दलहन तीनों में देश में- सर्वोत्तम बढ़त प्राप्त की है। प्रदेश में 2012-13 में 277 लाख मीट्रिक टन खाद्यान्न उत्पादन के साथ मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर है।
- सैमसंग ने अमेरिका की मोबाइल वैलेट स्टार्टअप लूपपे का अधिग्रहण कर लिया। इस अधिग्रहण का उद्देश्य एप्पल इंक के एप्पल पे के साथ प्रतिस्पर्धा के लिए स्मार्टफोन पेमेंट सेवा का शुभारंभ करना है।
- मैनुअल वाल्स के नेतृत्व वाली फ्रांस की समाजवादी सरकार ने बाजार सुधारों पर विश्वास मत जीत लिया।
- केंद्र सरकार ने दूतावास सम्बन्धी शिकायतें दूर करने के लिए 'मदद' नामक एक ऑनलाइन शिकायतों की निगरानी प्रणाली का शुभारंभ किया। यह नई दिल्ली में विदेश मंत्री सुषमा स्वराज द्वारा शुरू किया गया। 'मदद' भारतीय मिशनों, वाणिज्य दूतावास और दूतावास द्वारा भारतीय नागरिकों को दी जा रही सेवाओं पर ऑनलाइन दूतावास सम्बन्धी शिकायतों को दायर करने में मदद करना चाहता है।




www.crackgpsc.com

- राजस्थान उच्च न्यायालय ने अपने एक निर्णय में स्कूल-कॉलेज खोलने हेतु शौचालय होने को अनिवार्य शर्त बताया। न्यायालय ने बिना शौचालय स्कूल-कॉलेज खोलने पर सरकार द्वारा इस को मान्यता या अनुमति नहीं देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही न्यायालय ने सभी स्कूलों में कर्मचारी, छात्र और छात्रा तीनों के लिए अलग शौचालय बनाने तथा एक माह में राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग नियुक्त करने के निर्देश दिए।
- भारत और इंडोनेशिया के सैनिकों के मध्य संयुक्त सैन्याभ्यास 'गरुड़ शक्ति-3' (GARUDA SHAक्TI-III) मिजोरम में संपन्न हुआ। गरुड़ शक्ति 3 नामक यह अभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच संयुक्त अभ्यासों की कड़ी में तीसरा अभ्यास है। इसका उद्देश्य दोनों देशों द्वारा आतंकवाद और उग्रवाद विरोधी अभियानों के अपने अनुभवों को साझा करना और आतंकी खतरे को खत्म करना है।
- युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, ध्यानचंद पुरस्कार और द्रोणाचार्य पुरस्कार योजनाओं में संशोधन किया गया। सर्वोच्च न्यायालय/उच्च न्यायालय के सेवानिवृत न्यायाधीश अर्जुन पुरस्कार की चयन समिति के प्रमुख होंगे। पैरा-खेलों के प्रतिष्ठित खिलाड़ी/खेल प्रशासन/खेल विशेषज्ञ अर्जुन पुरस्कारों की चयन समिति के सदस्य होंगे। चयन समिति की कार्यप्रणाली की वीडियोग्राफी किए जाने का प्रावधान किया गया।
- भारत और नेपाल के बीच 8वीं बटालियन स्तर का संयुक्त सैनिक प्रशिक्षण अभ्यास सूर्य किरण VIII समन्वित सैनिक प्रशिक्षण केन्द्र सालझंडी, नेपाल में शुरू।
- तीसरा कछुआ महोत्सव असम के दीमा हसो जिले की हाजोंग झील में आयोजित किया गया। हाजोंग झील विभिन्न प्रकार के कछुओं का वास स्थल है। झील असम का एक मात्र प्राकृतिक कछुआ घर है। हाजोंग झील कछुआ झील के नाम से लोकप्रिय है और यह हिल टेर्रपिन्स कछुओं (एक दुर्लभ प्रजाति) का भी वास स्थल है।
- रांची रेज ने जेपी पंजाब वारियर्स को पराजित कर हीरो हॉकी इंडिया लीग टूर्नामेंट 2015 का खिताब जीता। यह हीरो हॉकी इंडिया लीग हॉकी टूर्नामेंट का तीसरा सत्र था। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी सहारा समूह के साथ रांची रेज फ्रैंचाइजी के सह-मालिक है।
- विज्ञान और पर्यावरण केंद्र (सीएसई) ने हीट ऑन पावर ऑन शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में भारतीय कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्र को दुनिया का सबसे अक्षम ऊर्जा का स्रोत बताया गया है। दिल्ली में एनटीपीसी का बदरपुर संयंत्र देश में सबसे अधिक प्रदूषण करने वाला संयंत्र है। रिपोर्ट के रिलीज के अवसर पर तीन शीर्ष विद्युत संयंत्रों को उनके पर्यावरण के प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया अन्य दो को ऊर्जा और पानी के रूप में संसाधनों की कुशल उपयोग के लिए पुरस्कार प्रदान किया किया गया। टाटा-मुंद्रा गुजरात ने उच्चतम ऊर्जा दक्षता रखने के लिए पुरस्कार



www.crackgpsc.com

प्राप्त किया और गुजरात इंडस्ट्रीज पावर कंपनी लिमिटेड सूरत ने सबसे कम पानी के उपयोग के लिए पुरस्कार जीता।

- 87वें अकादमी पुरस्कार प्रदान किए गए। अकादमी पुरस्कार को ऑस्कर पुरस्कार भी कहा जाता है। पुरस्कार समारोह लॉस एंजिल्स में हॉलीवुड के डोल्बी थियेटर में आयोजित किए गए। वर्ष 2015 के ऑस्कर पुरस्कार 24 श्रेणियों में मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज अकादमी (AMPAS) द्वारा प्रदान किए गए।
- **87वें अकादमी पुरस्कार के विजेता**

  **सर्वश्रेष्ठ फिल्म:** बर्डमैन

  **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक:** एलेहांद्रो गोंसालेस इनयारिटू (फिल्म 'बर्डमैन')

  **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता:** एडी रेडमायने ('द थियरी ऑफ एवरीथींग')

  **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री:** जूलियन मूर

  **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता:** जेके सिमंस (व्हिपलैश)

  **सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री:** पैट्रीसिया अक्र्वेट (बॉयहुड)

  **सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म:** पावेल पावलीकोवस्की द्वारा निर्देशित 'इडा'

  **सर्वश्रेष्ठ स्क्रीनप्ले:** फिल्म 'बर्डमैन'

  **सर्वश्रेष्ठ एनीमेटेड फीचर फिल्म:** 'बिग हीरो 6'

  **सर्वश्रेष्ठ सिनेमटोग्राफी:** बर्डमैन के लिए एम्मानुएल लुबेजिकी
- भारतीय सेना और भारतीय स्टेट बैंक के मध्य रक्षा वेतन पैकेज से संबंधित एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। संशोधित एमओयू को कार्यरत सैनिकों, पेंशनभोगियों एवं परिवारों की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया। एमओयू में अनेक नि:शुल्क/रियायती सेवाएं जैसे कि नि:शुल्क ड्राफ्ट, नि:शुल्क चेक बुक, आरटीजीएस/एनईएफटी के जरिए भारत में किसी भी बैंक में नि:शुल्क फंड ट्रांसफर, नि:शुल्क एटीएम कार्ड इत्यादि शामिल हैं।
- पाकिस्तान के सर्वोच्च न्यायलय के पूर्व कार्यवाहक प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति राणा भगवान दास का दिल निधन हो गया। न्यायमूर्ति भगवान दास पाकिस्तान सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालने वाले पहले हिन्दू और दूसरे गैर मुस्लिम व्यक्ति थे। पहले गैर-मुस्लिम प्रधान न्यायाधीश एल्विन रॉबर्ट कुरनेलियुस (ईसाई) थे।
- हिताची लिमिटेड ने 2 बिलियन अमेरिकी डॉलर में फिनमैकेनिका रेल व्यवसाय के अधिग्रहण की घोषणा की। हिताची जापान की एक बहुराष्ट्रीय समूह की कंपनी है।
- आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक रामनिवास गोयल को सर्वसम्मति से दिल्ली का विधानसभाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। यह दिल्ली की छठीं विधानसभा है। विधानसभा उपाध्यक्ष चुनी गई बंदना कुमारी आप की महिला इकाई की अध्यक्ष हैं।

www.crackgpsc.com

- यौन उत्पीडन के आरोपों से घिरे डॉ राजेन्द्र कुमार पचौरी ने इन्टरनॅशनल पेनल ओन क्लाइमेट चेन्ज (आईपीसीसी) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पचौरी ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव बान की मून को भेजे अपने पत्र में संगठन को मजबूत नेतृत्व प्रदान करने में असमर्थता जताई। वह पिछले 13 वर्ष से इस पद पर थे और उनके इस पद पर रहने के दौरान ही संगठन को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वर्तमान में पचौरी ऊर्जा और संसाधन संस्थान (टेरी) के महानिदेशक के रूप में सेवारत है और जलवायु परिवर्तन पर प्रधानमंत्री के परिषद के सदस्य हैं।
- क्रिस्टन स्टीवर्ट ने फ्रांस के सीजर अवार्ड्स में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार जीता। उन्हें यह पुरस्कार 'क्लाउड ऑफ़ सिल्स मारिया' में उनके प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया। इस के साथ ही वह फ्रांस के सीजर पुरस्कार की ट्रॉफी जीतने वाली पहली अमेरिकी अभिनेत्री बन गई है।
- ताकाहीरो हशिगो जापान की ऑटोमोबाइल कंपनी होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किए गए। उनकी नियुक्ति जून 2015 से प्रभावी होगी। वे ताकानोबू इतो का स्थान लेंगे जिंन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इस नियुक्ति से पहले हशिगो होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के प्रबंध अधिकारी थे।
- राज्य सभा ने से संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश संशोधन विधेयक, 2014 को ध्वनिमत से पारित कर दिया। यह विधेयक तीन राज्यों हरियाणा, कर्नाटक, ओडिशा और एक केंद्र शासित प्रदेश- दादरा और नगर हवेली में अनुसूचित जातियों की सूची को संशोधित करने का प्रावधान है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 26 मई 2015 से H-1B वीजा धारकों के जीवनसाथी को वर्क परमिट की अनुमति दिए जाने की घोषणा की।
- यूनाइटेड किंगडम (यूके) के हाउस ऑफ लॉर्ड्स ने तीन लोगों के डीएनए का उपयोग कर बच्चे के जन्म को अनुमति दी है। इसके साथ ही यूनाइटेड किंगडम माईटोकोनड्रीयल दान तकनीक का उपयोग करते हुए तीन-माता पिता वाले आईवीएफ डिजाइनर शिशुओं के जन्म को वैध बनाने वाला विश्व का पहला देश बन गया है। इस तरह के पहले बच्चो का जन्म 2016 में होगा।
- केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय ने वर्ष 2015-16 के दौरान भारत महोत्सव को विदेशों में दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया, मारीशस और म्यामार में आयोजित करने का निर्णय लिया।
- स्वच्छ भारत अभियान के तहत केंद्र सरकार ने 10 राज्यों हेतु 460 करोड रूपये मंजूर किए। गुजरात को 40.95 करोड रूपये आबंटित। विदित हो कि शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत अभियान के तहत वर्ष 2018 तक 1.04 करोड़ घरों में शौचालय बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

- गूगल ने फेसबुक की मोबाइल मार्केटिंग स्टार्टअप टोरो का अधिग्रहण कर लिया है। टोरो फेसबुक पर अपने अभियान के लिए जानी जाती है। अब टोरो फेसबुक पर कार्य नहीं करेगी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ब्रिक्स देशों - ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका में बुनियादी सुविधाओं और विकास परियोजनाओं को धन मुहैया करने के लिए ब्रिक्स न्यू विकास बैंक (एनडीबी) और ब्रिक्स आकस्मिक रिजर्व व्यवस्था (BRICS Contingent Reserve Arrangement, CRA, सीआरए) की स्थापना को मंजूरी प्रदान की। एक तरह से यह बैंक विश्व बैंक की तरह काम करेगा।
- भारतीय दूर संचार नियामक प्राधिकरण (Telecom Regulatory Authority of India, TRAI ट्राई) ने दूर संचार मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी रेगुलेशन 2009 (Telecommunication Mobile Number Portability Regulation 2009) से संबंधित छठा संशोधन मसौदा जारी किया। मोबाइल उपभोक्ता 3 मई 2015 से देश में कहीं भी अपने सेवा प्रदाता में बदलाव करते हुए भी अपना नंबर कायम रख सकेंगे अर्थात अब 3 मई 2015 से मोबाइल नंबर की देश भर में पोर्टेबिलिटी पूरी तरह से लागू हो जाएगी।
- चीन के पीकिंग विश्वविद्यालय और एरिजोना विश्वविद्यालय के खगोलविदों के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने 12 बिलियन सौर द्रव्यमान के विशाल ब्लैक होल क्वासर SDSS J0 100 + 2802 की खोज की। SDSS J0100 + 2802 नामित क्वासर पृथ्वी से 12.8 अरब प्रकाश वर्ष की दूरी पर है। इस क्वासर में 420 ट्रिलियन सूर्य का प्रकाश है। यह कैसर सबसे दूर कैसर से सात गुना चमकदार है जो 13 बिलियन वर्ष दूर है। क्वासर की वर्ष 1963 में खोज की गई। क्वासर मिल्की वे आकाशगंगा से परे सबसे शक्तिशाली ऑब्जेक्ट हैं। अब तक खगोलविद् 200000 से अधिक क्वासर की खोज कर चुके हैं जिनकी आयु बिग बैंग के बाद से अब तक 0.7 बिलियन है।
- रतन टाटा को दक्षिण कैरोलिना मोटर वाहन शिखर सम्मेलन में क्लेमसन विश्वविद्यालय द्वारा ऑटोमोटिव इंजीनियरिंग में डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें वैश्विक ऑटोमोटिव उद्योग में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। रतन टाटा टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष हैं।
- सेल्फ ड्राइव कार शेयरिंग कंपनी ज़ूमकार ने वाहन विनिर्माता कम्पनी टाटा मोटर्स लिमिटेड से अपने बेड़े में 50 से अधिक नई नैनो कारों को जोड़ने के लिए गठबंधन किया। ज़ूमकार को 2013 में ग्रेग मॉर्गन और डेविड बेक द्वारा स्थापित किया गया

www.crackgpsc.com

था। ज़ूमकार एक सेल्फ ड्राइव कार शेयरिंग कंपनी जो कुछ घंटे, दिन, सप्ताह या महीने के लिए कारों को किराए पर देती है।

- **फोर्ब्स की एशिया की 50 प्रभावशाली महिला उद्यमियों की सूची (Asia's 50 Power Businesswomen 2015)** में छह भारतीय महिला उद्यमियों को शामिल किया गया। (1) अरुंधति भट्टाचार्य, अध्यक्ष, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, (2) चंदा कोचर, सीईओ, आईसीआईसीआई बैंक, (3) अखिला श्रीनिवासन, एमडी/गैर-कार्यकारी निदेशक, श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस/श्रीराम कैपिटल, (4) किरण मजूमदार शॉ, संस्थापक, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, बायोकॉन, (5) शिखा शर्मा, सीईओ और एमडी, एक्सिस बैंक, (6) उषा सांगवान, एमडी, भारतीय जीवन बीमा निगम।
- टेक्सास के जिला न्यायालय ने प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल पर पेटेंट उल्लंघन मामले में 532.9 मिलियन डॉलर का जुर्माना लगाया। ज्यूरी ने निर्णय किया कि एप्पल के आई ट्यून्स सॉफ्टवेयर ने स्मार्टफ्लैश से संबंधित तीन पेटेंटों का उल्लंघन हुआ है। इन पेटेंटों का लाइसेंस स्मार्टफ्लैश के पास था।
- हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मास्टर हुकम सिंह का निधन।
- ऑस्ट्रेलिया के मोनाश यूनिवर्सिटी और अमैरी इंजीनियरिंग कंपनी के शोधकर्ताओं ने दुनिया का पहला 3 डी-प्रिंटेड जेट इंजन का अनावरण किया। यह अपनी तरह का पहला 3डी प्रिंटेड जेट इंजन है।



- केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने आर्थिक सर्वेक्षण 2014-15 लोकसभा में पेश किया। वित्त वर्ष 2015-16 में देश की विकास दर 8.1-8.5% से रहने का अनुमान। वित्त वर्ष 2015-16 में कृषि विकास दर 4% के पूर्व निर्धारित लक्ष्य से कम रहने का अनुमान। वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर वर्ष 2014-15 की तुलना में करीब 0.6 - 1.1% अधिक रहने का अनुमान। वर्ष 2014-15 के नए अनुमानों को आधार मानते हुए वर्ष 2015-16 में बाजार मूल्य पर वृद्धि दर 8.1- 8.5% रहने की सम्भावना। प्रधानमंत्री के 'मेक इन इंडिया' को हासिल करने के लिए स्किल इंडिया के उद्देश्य को उच्च प्राथमिकता।
- इंटरनेशनल डाटा कॉरपोरेशन (आईडीसी) ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर रिपोर्ट जारी की जिस में में दक्षिण कोरियाई हैंडसेट निर्माता सैमसंग ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में अपनी शीर्ष स्थिति को बनाए रखा है।
- सिंगापुर की सरकार ने गोपीनाथ पिल्लै को आंध्र प्रदेश के लिए अपना विशेष दूत नियुक्त किया। वरिष्ठ राजनीतिक रणनीतिकार पिल्लै की नियुक्ति राज्य में नई राजधानी के निर्माण प्रक्रिया को तेज करने के लिए की गई है।

www.crackgpsc.com

- रूस के पूर्व उप प्रधानमंत्री और वर्तमान में प्रमुख रूसी विपक्षी राजनीतिज्ञ बोरिस नेम्तोस्व की गोली मारकर हत्या कर दी गई।
- फिल्मफेयर ग्लैमर स्टाइल एंड फैशन द्वारा बॉलीवुड के अभिनेता अमिताभ बच्चन को 'टाइमलेस फैशन आइकन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- न्यायमूर्ति अमिताव रॉय ने सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। इससे पहले वे ओडिशा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के पद पर थे। इसके साथ ही सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 29 हो गई। सर्वोच्च न्यायालय में अधिकतम 31 न्यायाधीशों की नियुक्ति हो सकती है। भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के अनुसार राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है।
- छत्रपति शिवाजी भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) नियुक्त किए गए। शिवाजी को तीन साल की अवधि के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर नियुक्त किया गया।
- दिल्ली राज्य सरकार ने नौ सदस्यीय 'दिल्ली संवाद आयोग' (Delhi Dialouge Commission, डीडीसी) के गठन को मंजूरी प्रदान की। आम आदमी पार्टी ने 'दिल्ली संवाद आयोग' को 'सलाहकार समिति' का नाम दिया। 'दिल्ली संवाद आयोग' में अध्यक्ष सहित कुल नौ सदस्य होंगे। मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को 'दिल्ली संवाद आयोग' का अध्यक्ष तथा आशीष खेतान को उपाध्यक्ष बनाया गया।
- न्यूज़ीलैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्टिन क्रो को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के हाल ऑफ फेम में सामिल किया गया।
- भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने वर्ष (बार्क)2015 के राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को 'फिजिक्स उत्सव-2015' के रूप में मनाया।